# प्रेस विज्ञप्ति
## बिहार पुलिस मुख्यालय
### दिनांक–29.08.2023 (सं0–388)

**आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना द्वारा साइबर से संबंधित कराये जा रहे प्रशिक्षण की प्रेस विज्ञप्ति।**

**आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना,** आर्थिक एवं साइबर अपराध से संबंधित सभी प्रकार के मामलों में कार्रवाई, साइबर जागरुकता का व्यापक प्रचार–प्रसार एवं प्रशिक्षण कराने आदि से संबंधित बिहार पुलिस की राज्य स्तरीय नोडल संस्था एवं विशिष्ट इकाई है। साइबर अपराध के काण्डों में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान एवं अनुश्रवण हेतु राज्य के जिलों में पदस्थापित थानाध्यक्ष से लेकर अपर पुलिस अधीक्षक तक के पदाधिकारियों को साइबर अपराध अनुसंधान, Mobile Edit Forensic, OS Forensic, तथा C-5 Software आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के केन्द्रीय प्रायोजित योजना Cyber Crime Prevention Against Women & Children (CCPWC) के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध साइबर अपराध के रोकथाम हेतु प्रशिक्षण मद में वित्तीय वर्ष 2017–18 से 2023–24 तक कुल–65,30,000/–रु० राशि का आवंटन किया गया, जिससे अब तक निम्न प्रशिक्षण कराये गये हैं :–

1. Cyber Crime Investigation विषय पर 685 थानाध्यक्षों तथा 398 पुलिस निरीक्षक/पुलिस अवर निरीक्षक का 05 दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा चुका है। थानाध्यक्षों एवं पुलिस निरीक्षक/पुलिस अवर निरीक्षक के इस 05 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान साइबर अपराध के विभिन्न आयामों एवं उनके अनुसंधान तथा उद्भेदन के संबंध में तकनीकी ज्ञान से अवगत कराया गया है। वर्तमान में भी 37 थानाध्यक्षों (पुलिस निरीक्षक/पुलिस अवर निरीक्षक) का 05 दिवसीय प्रशिक्षण चल रहा है।
2. Cyber Crime & Cyber Law Awareness कोर्स विषय पर कुल–201 न्यायिक पदाधिकारियों तथा 188 अभियोजन पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कराया जा चुका है। इसमें प्रशिक्षण के दौरान साइबर के विभिन्न अपराधों एवं उसके अनुसंधान के साथ–साथ न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुतिकरण के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
3. Cyber Crime Awareness Course कोर्स विषय पर कुल–1267 पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण कराया जा चुका है। इस प्रशिक्षण में सभी पंक्ति के पुलिस पदाधिकारियों को साइबर के विभिन्न अपराधों, उनके अनुसंधान प्रक्रिया तथा विभिन्न प्रकार के होनेवाले साइबर अपराधों के सतर्कता/जागरूकता के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**राज्य प्रशिक्षण मद से निम्न प्रशिक्षण कराया गया :–**

I. वित्तीय वर्ष 2021–22 में 133 पुलिस पदाधिकारियों का Cyber Crime Investigation विषय पर 05 दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया।
II. वित्तीय वर्ष 2022–23 में Cyber Crime Awareness Course विषय पर 44 पुलिस उपाधीक्षकों, नवादा CCSMU के 07 पदाधिकारियों का 05 दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया।
III. वित्तीय वर्ष 2022–23 में भी राज्य के सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/क्षेत्रीय पुलिस उप–महानिरीक्षक का Cyber Workshop का आयोजन किया गया, जिसमें 10 वरीय पदाधिकारी भाग लिये।
IV. वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारियों/पुलिस उपाधीक्षकों (मुख्यालय) का 02 दिवसीय साइबर अपराध विषय पर प्रशिक्षण कुल 06 चरणों में कराया गया, जिसमें कुल–127 अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी/पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) भाग लिये।
V. साइबर अपराध से संबंधित 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सशस्त्र सीमा बल (एस.एस.बी.) के कुल–60 पदाधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

अब तक इकाई एवं विभिन्न CCSMU, साइबर थानों में अधिष्ठापित साइबर फॉरेन्सिक सॉफ़्टवेयर एवं हार्डवेयर के परिचालन हेतु लगातार प्रशिक्षित किया जाता है। साथ ही समय–समय पर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सेमिनार एवं प्रेज़ेन्टेशन भी दिये जाते हैं।

राज्य के सभी थानों में 1930 के तहत् साइबर परिवादों के समयबद्ध निष्पादन हेतु प्रत्येक थाना के 02 पुलिस कर्मियों/डाटा इन्ट्री ऑपरेटर को 02 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया है, ताकि पीड़ित व्यक्तियों के पैसों को ज़्यादा से ज़्यादा बचाया जा सके। अब तक 23–24 अगस्त, 2023 एवं 28–29 अगस्त, 2023 के दो चरणों के प्रशिक्षण में कुल–01 सहायक अवर निरीक्षक, 60 सिपाही एवं 30 डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/कार्यपालक सहायक का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

राज्य में नवसृजित 44 साइबर थानों में कार्यरत पुलिस कर्मियों एवं प्रोग्रामर के लिये 10 दिवसीय विशेष साइबर प्रशिक्षण C-DAC पटना के सहयोग से 11 सितम्बर, 2023 से प्रारम्भ किया जा रहा है। इसके तहत् साइबर थानों में कार्यरत लोगों को साइबर अपराधों के अनुसंधान के लिये तकनीकी रूप से दक्ष बनाने की योजना है।

## वर्ष 2022 से जुलाई–2023 तक साइबर सेल की उपलब्धि:–

### ➢ आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या–20/2022

67वीं BPSC प्रारम्भिक परीक्षा का प्रश्न पत्र परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व ही Whatsapp एवं Telegram के माध्यम से वायरल होने की सूचना प्राप्त होने पर कांड अंकित करते हुए SIT का गठन किया गया। उक्त SIT द्वारा पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध इकाई के नेतृत्व में तकनीकी अनुसंधान करते हुए प्रश्न पत्र वायरल करने वाले ग्रुप से सभी सदस्यों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया। अंततः मुख्य अभियुक्त शक्ति कुमार, प्रधानाध्यापक, रामशरण सिंह इवनिंग कॉलेज, डेल्हा, गया को गिरफ्तार किया गया, जिसके द्वारा परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व प्रश्न पत्र को स्कैन कर विभिन्न Whatsapp ग्रुप को भेजा गया था।

✓ **गिरफ्तारी:–कुल 18**

### ➢ आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या–28/2022

यह कांड फ्लिपकार्ट से आइफोन order करने के मामले में और डिलवरी तिथि को फर्जीवाड़ा कर असली आइफोन के बदले डमी आइफोन डिलीवरी ब्वॉय को सौप कर धोखाधड़ी कर फ्लिपकार्ट कम्पनी को धोखा देने के मामले में दर्ज किया गया। आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना के साइबर तकनीक सहायता दल के द्वारा फ्लिपकार्ट का डिलीवरी ब्वॉय बनकर उसको रंगेहाथ पकड़ा गया।

✓ **गिरफ्तारी**– कुल गिरफ्तारी–01

✓ **बरामदगी**– 4 Original आईफोन, डमी आईफोन एवं अन्य सामान।

### ➢ आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या–37/2022

अनुसंधान के क्रम में पिन्टु कुमार नामक व्यक्ति को बेतिया जिला से गिरफ्तार किया गया, जो Autobuy OTP नामक Website के माध्यम से Random Mobile nos. का OTP प्राप्त कर Whatspp/ Amazon/Flipkart/ Mobikwik/snapdeal app के माध्यम से धोखाधड़ी कर कैशबैक रूप में संबंधित कम्पनी से पैसा प्राप्त करता था।

✓ **गिरफ्तारी**– कुल गिरफ्तारी–01 पिन्टु कुमार।

✓ **बरामदगी**–मोबाईल–12, डेबिट/क्रेडिट कार्ड–2, सीम कार्ड–05, चेक बुक–4, पासबुक–2 एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं सामान।

### ➢ कोतवाली (पटना) थाना कांड संख्या–387/2022

माननीय मुख्य न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायलय का फोटो Whatsapp Display picture पर लगा कर Amazon gift card के नाम पर माननीय रजिस्ट्रार, पटना उच्च न्यायालय के साथ 1,50,000 रूपया की धोखाधड़ी के मामले मे तकनीकी अनुसंधान करते हुए मुख्य अभियुक्त को चिन्हित किया गया जिसकी गिरफ्तारी की गई है।

✓ **गिरफ्तारी:–कुल 01**

### ➢ आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या–40/2022

BSSC प्रश्न पत्र परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व ही Whatsapp एवं Telegram के माध्यम से वायरल होने की सूचना प्राप्त होने पर कांड अंकित करते हुए SIT का गठन किया गया। उक्त SIT द्वारा पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध इकाई के नेतृत्व में तकनीकी अनुसंधान करते हुए प्रश्न पत्र वायरल करने वाले ग्रुप से सभी सदस्यों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया।

✓ **गिरफ्तारीः–कुल 05**

➢ **आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या–38/2022**

जन्म तिथि/नाम बदल कर Bihar Board Of Open Schooling and Examanation में मार्क्स शीट में अंक बढाकर जाली certificate उपलब्ध कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर संलिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

➢ **आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या–03/2023, 04/2023, 05/2023**

सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश एवं फर्जी वीडियों प्रसारित करने तथा दो राज्यो में रह रहे लोगो के बीच में गलत भ्रांति फैलाने के मामले में उपरोक्त कांड दर्ज कर अनुसंधान की गई तथा इस मामले में संलिप्त यूट्यूबर को गिरफ्तार कर न्याायिक हिरासत में भेजा गया।

✓ **गिरफ्तारी– कुल गिरफ्तारी–08**

मनीष कश्यप उर्फ त्रिपुरारी कुमार तिवारी, राकेश रंजन कुमार सिंह, आदित्य कुमार उर्फ आदित्य कुमार चौरसिया, प्रशांत कुमार दूबे, अमन कुमार, राकेश कुमार तिवारी, नागेश कुमार पाण्डेय एवं युवराज सिंह राजपूत।

➢ **आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या–07/2023**

रामनवमी के मौके पर दो संप्रदायों के लोगो के बीच आपसी मतभेद फैलाने की साजिश सोशल मीडिया एवं Whatsapp के माध्यम से किया गया था। इस संबंध आर्थिक अपराध थाना में कांड अंकित किया गया तथा अनुसंधान के क्रम में 6 लोगो को गिरफ्तार कर न्यायिक में भेजा गया है।

➢ **आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या–08/2023**

Any desk app download करवा कर उनका OTP प्राप्त कर पीड़ित के मोबाईल सेट को हैक कर विभिन्न बैंकों का UPI install कर पीड़ित के खातों से पैसा की अवैध निकासी कर ठगी करने वाले साईबर अपराधियों के विरूद्व कांड दर्ज कर अनुसंधान की गई। उक्त कांड में गया जिला से 9 साईबर अपराधियों को गिरफ्तार कर न्याायिक हिरासत में भेजा गया।

✓ **गिरफ्तारी**– कुल गिरफ्तारी–07

नीतिश कुमार, सत्येन्द्र प्रसाद, रोहित कुमार, खुशबु कुमारी, रवि कुमार, कैलाश कुमार एवं बिट्टू कुमार।

✓ **बरामदगी**– 37 हजार नगद, किपेड मोबाईल–11, स्मार्ट मोबाईल–17, लैपटाप–03, स्मार्ट वॉच–02, तीन मोटरसाइकिल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं सामान।

➢ **आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या–09/2023**

Mobile में Any desk/Ruskdesk app (Remote access) एवं अन्य App/Link Download करवाकर एवं उक्त App का OTP प्राप्त कर आमजनों के मोबाईल सेट को Access कर विभिन्न बैंको का UPI install कर आमजनों के खाते से पैसे के निकासी कर विभिन्न बैंक खातों में पैसा हस्तारिंत कर तथा विभिन्न बैंकों के ए0टी0एम0 के माध्यम से नगद पैसे की निकासी तथा अन्य ई–कॉमर्स कम्पनियों से सोने/चॉदी/हीरा के जेवरातों की खरीदारी कर आम लोगों को ठगी कर शिकार बनाये जाने के मामले में कांड दर्ज कर अनुसंधान की गई। जिसमें 5 साईबर अपराधियों को गिरफ्तार कर न्याायिक हिरासत में भेजा गया। उनके पास से लैपटॉप, स्मार्ट टी0वी0, मोबाईल फोन, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नकद रकम, सोने–चॉदी के गहने एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किया गया।

✓ **गिरफ्तारी**– कुल गिरफ्तारी–05

राहुल कुमार उर्फ सन्नी कुमार आर्या, पटना, प्रिंस राज, कन्हैया कुमार उर्फ झुनझुनवाला, हिमाशु राज एवं गणेश कुमार,

✓ **बरामदगी**– 14 लाख 10 हजार नगद, सोना–293.6 ग्राम(17 लाख 56 हजार करीब रूपया), चांदी–36.5 ग्राम, मोबाईल–70, लैपटाप–02, पैन कार्ड–04, डेबिट/क्रेडिट कार्ड–109, पासबुक/चेकबुक–86, आधार कार्ड–06, डेस्पटॉप/कम्पयुटर–01, स्मार्ट टीवी–01, नोट गिनने का मशीन–01, स्कूटी–01 एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं सामान।

➢ **आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या–10/2023**

मोबाईल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा Online Work करने का झांसा देकर Whatsapp/Telegram Messenger पर काम करने के बदले अच्छा इनकम देने के नाम पर ठगी करने वाले साईबर अपराधियों के संगठित गिरोह के विरुद्व कांड दर्ज कर अनुसंधान की गई। जिसमें 8 साईबर अपराधियों को गिरफ्तार कर

न्याायिक हिरासत में भेजा गया। उनके पास से लैपटॉप, मोबाईल फोन, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नकद रकम एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किया गया।

✓ **गिरफ्तारी**– कुल गिरफ्तारी–06

प्रकाश चन्द्र सिंह(कम्पनी डायरेक्टर), सुधाशु कुमार(तथाकथित सी0ए0), मानस कुमार, आंनद कुमार, विनीत कुमार एवं सुरज कुमार

✓ **बरामदगी**– एक लाख 90 हजार नगद, मोबाईल–7, लैपटाप–05, सीपीयू–01, आधार कार्ड–10, पैन कार्ड–09, डेबिट/केडिट कार्ड–23, सीम कार्ड–12 एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं सामान।

## Achievement Report of NCRP Helpline No.- 1930

### 1. Objective:

➢ साइबर अपराधों के त्वरित निष्पादन एवं न्यूनतम समय अवधि में कार्रवाई करते हुये साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल –www.cybercrime.gov.in पर पीड़ितों की त्वरित शिकायत दर्ज कराने हेतु Indian Cyber Crime Coordination Centre (I4C) MHA Govt. of India द्वारा स्थापित National Cyber Crime Helpline No 1930 का संचालन दिनांक–26.02.2023 से आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना, डॉ0 श्री कृष्ण पथ, पटना भवन–02 में किया गया है। उक्त संचालन हेतु पुलिस निरीक्षक–**06**, पु0अ0नि0–**15** एवं सिपाही–**150** कुल–**171** पद सृजित है। वर्तमान में कुल तीन पालियों में (24x7) 06 पु0नि0, 09 पु0अ0नि0 एवं **139** सिपाही कार्यरत है।

➢ **National Cyber Crime Helpline No.-1930** के संचालन हेतु आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना, डॉ0 श्री कृष्ण पथ, पटना भवन–02 में कुल 25 कम्प्यूटर सेट एवं 30 SIP line कार्यरत है। उक्त टेलीफोन सेट पर आमजनों/साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों द्वारा टेलीफोन कर अपनी समस्या की शिकायत दर्ज कराई जाती है, जिसके आधार पर कम्पयूटर सेट पर कार्यरत कर्मियों द्वारा शिकायत दर्ज की जाती है जो 24x7 कार्यरत है।

➢ NCRP-1930 पर साइबर अपराध से संबंधित शिकायत दर्ज होते ही पोर्टल से जुड़े Bank/Wallet/Merchant के Nodals फ्रॉड किये गये राशि के बचाव की दिशा में सक्रिय हो जाते हैं। इस दिशा में गति लाने हेतु पोर्टल पर कार्यरत कर्मियों द्वारा Nodals से Email/Whatsapp/Call से भी सम्पर्क किया जाता है। साथ ही साथ कार्यरत कर्मियों द्वारा संबंधित थानों एवं पीड़ितों से भी सम्पर्क कर प्राथमिकी दर्ज कराने की दिशा में पहल किया जाता है।

### 2. Achievement :

National Cyber Crime Helpline No.-1930 का संचालन तिथि दि0–26.02.2023 से दि0–28.08.2023 तक की विवरणी निम्न प्रकार है–

1. Total Received Calls- **4,01,037**
2. Total Lodged Complaints- **20,916**
3. Total Lodged FIR- **1,094**
4. Total Hold Amount- **12,81,73,221.75** रुपये सहित अब तक कुल **17,78,51,069.7** रुपये
5. औसत प्रतिदिन Hold Amount- **6,96,593** रुपये।
6. Cyber Crime में प्रयुक्त आर्थिक अपराध इकाई द्वारा Blocked Mobile Nos.- **4,123**
7. आर्थिक अपराध इकाई द्वारा Cyber Crime में प्रयुक्त Mobile Handsets के **351** IMEI Nos. को Block करने की कार्रवाई की गयी है।
8. पोर्टल पर प्राप्त सूचना के आलोक में कई जगहों पर छापामारी कर साइबर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी है।

➢ नेशनल साइबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल पर NCMEC Tipline Category के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली सूचनायें, जो बच्चों के विरुद्ध किये जा रहे साइबर अपराध/यौन प्रताड़ना एवं यौन शोषण से संबंधित होते है। सभी

सोशल मीडिया प्लेटफार्म /मैसेजिंग ऐप/ईमेल आदि का प्रयोग कर बाल यौन शोषण में प्रयुक्त किये जा रहे सूचनायें संदिग्धों के प्रोफाईल से एकत्रित कर ऑनलाइन माध्यम से कार्रवाई हेतु NCRB के द्वारा बिहार राज्य नोडल को कार्रवाई हेतु प्रेषित की गई है जिसमें साक्ष्य सहित विस्तृत जानकारी लिखित एवं वीडियो/स्क्रीनशॉट के रूप में संलग्न रहती है। उक्त आलोक में अब तक कुल 23593 Complaints को Close किया गया है तथा **116** Complaint को विभिन्न जिलों में प्राथमिकी दर्ज करने हेतु प्रेषित किया गया है जिसमें से **11** पर प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है, अन्य प्रक्रियाधीन है।

➢ National Cyber Crime Helpline No.-1930 पर प्राप्त सूचना के आधार पर रेड कर निम्नांकित काण्ड दर्ज किये गये एवं साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी की गयी :–

- **आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या–08/2023**

Any desk app download करवा कर उनका OTP प्राप्त कर पीड़ित के मोबाइल सेट को हैक कर विभिन्न बैंकों का UPI install कर पीड़ित के खातों से पैसा की अवैध निकासी कर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों के विरुद्व कांड दर्ज कर अनुसंधान की गई। उक्त कांड में गया जिला से 9 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर न्याायिक हिरासत में भेजा गया।

✓ **गिरफ्तारी**– कुल गिरफ्तारी–07

नीतिश कुमार, सत्येन्द्र प्रसाद, रोहित कुमार, खुशबु कुमारी, रवि कुमार, कैलाश कुमार, बिट्टू कुमार

✓ **बरामदगी**– 37 हजार नगद, किपैड मोबाइल–11, स्मार्ट मोबाइल–17, लैपटाप–03, स्मार्ट वॉच–02, तीन मोटरसाइकिल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं सामान।

- **आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या–09/2023**

Mobile में Any desk/Ruskdesk app (Remote access) एवं अन्य App/Link Download करवाकर एवं उक्त App का OTP प्राप्त कर आमजनों के मोबाइल सेट को Access कर विभिन्न बैंको का UPI install कर आमजनों के खाते से पैसे के निकासी कर विभिन्न बैंक खातों में पैसा हस्तारित कर तथा विभिन्न बैंकों के ए0टी0एम0 के माध्यम से नगद पैसे की निकासी तथा अन्य ई–कॉमर्स कम्पनियों से सोने/चॉदी/हीरा के जेवरातों की खरीदारी कर आम लोगों को ठगी कर शिकार बनाये जाने के मामले में कांड दर्ज कर अनुसंधान की गई। जिसमें 5 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर न्याायिक हिरासत में भेजा गया। उनके पास से लैपटॉप, स्मार्ट टी0वी0, मोबाइल फोन, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नकद रकम, सोने–चॉदी के गहने एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किया गया।

✓ **गिरफ्तारी**– कुल गिरफ्तारी–05

राहुल कुमार उर्फ सन्नी कुमार आर्या, पटना, प्रिंस राज, कन्हैया कुमार उर्फ झुनझुनवाला, हिमाशु राज एवं गणेश कुमार,

✓ **बरामदगी**– 14 लाख 10 हजार नगद, सोना–293.6 ग्राम(17 लाख 56 हजार करीब रुपया), चांदी–36.5 ग्राम, मोबाईल–70, लैपटाप–02, पैन कार्ड–04, डेबिट/केडिट कार्ड–109, पासबुक/चेकबुक–86, आधार कार्ड–06, डेस्पटॉप/कम्पयुटर–01, स्मार्ट टीवी–01, नोट गिनने का मशीन–01, स्कूटी–01 एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं सामान।

- **आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या–10/2023**

मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा Online Work करने का झांसा देकर Whatsapp/Telegram Messenger पर काम करने के बदले अच्छा इन्कम देने के नाम पर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों के संगठित गिरोह के विरुद्व कांड दर्ज कर अनुसंधान की गई। जिसमें 8 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उनके पास से लैपटॉप, मोबाईल फोन, डेबिट/केडिट कार्ड, नकद रकम एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किया गया।

✓ **गिरफ्तारी**– कुल गिरफ्तारी–06

प्रकाश चन्द्र सिंह,सुधाशु कुमार, मानस कुमार, आंनद कुमार, विनीत कुमार एवं सुरज कुमार।

✓ **बरामदगी**– एक लाख 90 हजार नगद, मोबाईल–7, लैपटाप–05, सीपीयू–01, आधार कार्ड–10, पैन कार्ड–09, डेबिट/केडिट कार्ड–23, सीम कार्ड–12 एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं सामान।

**XXXXXX**